>

Title: Need to develop National Highway No. 12 from Jabalpur to Jaipur.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): सभापति महोदय, मैं आज आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 के विस्तार हेतु इस सदन में आज आपके सामने दूसरी मर्तबा इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। साथ ही, माननीय मंत्री महोदय से विशेष अनुरोध है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और तदनुसार संबंधित विभाग को शीघ्र इस संबंध में कार्रवाई हेतु लिखें।

मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ से होकर गुजरने वाला नेशनल हाईवे नं. 12 जो कि जबलपुर से जयपुर जाता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग को खिलचीपुर से तीनधार तक वाया जीरापुर, माचलपुर, बकानी होकर विस्तार हेतु अगस्त, 2009 में मेरे द्वारा तत्कालीन माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध किया गया था। मेरे अनुरोध पर माननीय मंत्री जी द्वारा संबंधित विभाग को इसके सर्वे हेतु निर्देश भी दिए गए थे लेकिन आज दिनांक तक इसके बाद इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

महोदय, उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार करने से लगभग दस किलो मीटर की दूरी कम हो जाएगी। वहीं, वर्तमान में यह राष्ट्रीय राजमार्ग जो खिलचीपुर से तीन धार वाया इकलेरा होकर संचालित है, उसमें छः किलो मीटर के लगभग घाट सेक्शन है जहां प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिसके कारण जन-धन की हानि होती है तथा वर्षा काल में लगभग चार-पांच पुलिया ऐसी हैं जहां यातायात अक्सर बाधित हो जाया करता है। ...(व्यवधान)

महोदय, मेरा अनुरोध है कि यदि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार खिलचीपुर से तीनधार वाया इकलेरा के साथ-साथ वाया जीरापुर, माचलपुर, बकानी होकर तीनधार कर दिया जाए तो यह जनहित में होगा।